माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुवांरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन—247120)

Website - msuniversity.ac.in Email ID- registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 86 /प्रवेश/msu/2025–26 दिनांक : 09.05.2025

प्रेस–विज्ञप्ति

एत्‌दद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित स्नातक स्तर के सभी पाठ्‌यक्रमों में सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु आनलाईन पंजीकरण प्रारम्भ हो गये है। अतः प्रवेश के लिये इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह अपना ऑनलाईन पंजीकरण विश्वविद्यालय वेबसाईट https://msuniversity.ac.in दिये गये लिंक https://msuadm.samarth.edu.in पर जाकर कराना सुनिश्चित करें। प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीकरण अनिवार्य है। प्रवेशार्थी एक से अधिक पाठ्यक्रम/महाविद्यालय में पंजीकरण करा सकता है। यदि प्रवेशार्थी एक पाठ्यक्रम में एक से अधिक महाविद्यालयों का चयन करना चाहता है तो उसको पुनः Dashbord पर उपलब्ध Apply in University Department/College पर जाकर पाठ्यक्रम एवं महाविद्यालय का चयन कर Form Submit करना होगा, जिसके लिए उसे अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। यदि प्रवेशार्थी पूर्व चयनित पाठ्‌यक्रम के अतिरिक्त अन्य पाठ्‌यक्रम में पंजीकरण कराना चाहता है, तो उसे उस पाठ्‌यक्रम का शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा। पंजीकरण करने के पश्चात् प्रवेशार्थी द्वारा पंजीकरण फार्म का स्वहस्ताक्षरित प्रिन्ट/फोटोप्रति एवं सम्बन्धित आवश्यक पत्राजात चयनित महाविद्यालय में जमा कराना अनिवार्य है। महाविद्यालय में प्रवेश हेतु पंजीकृत प्रवेशार्थियों की मैरिट सूची, प्रवेश नियमावली के नियमानुसार महाविद्यालय द्वारा तैयार की जायेगी। जिसके उपरान्त महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करते हुए महाविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर प्रवेश Confirm करेंगें।

(प्रो० ओमकार सिंह)
प्रवेश समन्वयक
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
एवं
(प्राचार्य, गोचर महाविद्यालय, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर।)

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

01. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
02. प्रिंसिपल इन्वेस्टीगेटर, प्रोजेक्ट समर्थ, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
03. कुलपति कार्यालय को मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
04. कुलसचिव।
05. वित्त अधिकारी।
06. उपकुलसचिव (प्रवेश)।
07. सह समन्वयक प्रवेश को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
08. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
09. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
10. विश्वविद्यालय प्रोग्रामर समर्थ पोर्टल (प्रवेश सैल)।
11. विश्वविद्यालय वेबसाईट मेन्टेनर को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु
12. गार्ड फाईल।

(प्रो0 ओमकार सिंह)
प्रवेश समन्वयक